Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

CS (Main) Exam : ,2014

**C-DRN-N-RVCB**

# लोक प्रशासन / PUBLIC ADMINISTRATION

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घंटे* | *अधिकतम अंक : **250*** |
| *Time allowed : **Three Hours*** | *Maximum Marks : **250*** |

---

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

Download FREE UPSC E-BOOKS
FREE!
CLICK HERE

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Attempt the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) "लोक सेवाओं में नैतिकता कौटिल्य के अर्थशास्त्र का केन्द्रीय सरोकार रहा है ।" इस कथन का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

"Ethics in public services has been the central concern of Kautilya's Arthashastra." Critically examine the statement. *10*

(b) भारत में संविधानवाद की उन मूल्य-आधारिकाओं (वैल्यू प्रिमाइसिज़) की चर्चा कीजिए जिनका अधिकारी-तंत्र उल्लंघन नहीं कर सकता ।

Discuss the value premises of Constitutionalism in India which the bureaucracy cannot violate. *10*

(c) प्रधान मंत्री कार्यालय (पी.एम.ओ.) की प्रकार्यात्मक भूमिका प्रधान मंत्री के नीति अभिमुखन (पोलिसी ओरिएंटेशन), व्यक्तित्व और प्रशासन शैली पर निर्भर करती है । उपयुक्त उदाहरण पेश करते हुए इस कथन पर टिप्पणी कीजिए ।

The functional role of the Prime Minister's Office (PMO) depends on the Prime Minister's policy orientation, personality and style of administration. Comment on the statement with suitable examples. *10*

(d) विकेंद्रित योजनाकरण (डीसेंट्रेलाइज़्ड प्लैनिंग) को अपनाने के बावजूद, अनेक प्रदेशों में सहभागी पहलें उपांतिक और विभाजक बनी हुई हैं । चर्चा कीजिए ।

Despite the adoption of decentralized planning, participatory initiatives remain marginalized and divisive in many regions. Discuss. *10*

(e) "हाल के समय में, केन्द्र और राज्यों में अनेक राजनीतिक दलों के सत्तारूढ़ होने के कारण केन्द्र – राज्य संबंधों ने नए आयाम प्राप्त कर लिए हैं ।" (द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग) । क्या आप इस बात से सहमत हैं ? अपने तर्कों को पुष्ट करने के लिए कारण प्रस्तुत कीजिए ।

"The Centre – State relations have acquired new dimensions in recent times due to several political parties being in power at the Centre and the States." (Second Administrative Reforms Commission). Do you agree ? Give reasons to support your arguments. *10*



Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

**Q2.** (a) "सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों के लिए, सरकार के आश्वासित बजटीय समर्थन के बिना जीवित रहने को और उद्यमशील बने रहने को सीख लेना आवश्यक है ।" इस कथन के प्रकाश में, उनकी स्वायत्तता को सबल बनाने और अस्वस्थ सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों के स्वास्थ्य को पुनरुज्जीवित करने के लिए अपने सुझाव दीजिए ।

"Public Sector Undertakings must learn to survive and be entrepreneurial without assured government budgetary support." In the light of this statement give your suggestions for strengthening their autonomy and reviving the health of sick Public Sector Undertakings. *20*

(b) "कहा जाता है कि भारतीय प्रशासन अपने तीन अभिलक्षणों, यथा वेबरीय संरचनाओं, कौटिल्यी रीति और गाँधीवादी भाषा के द्वारा चरित्र-चित्रित होता है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

"Indian administration is said to be characterised by its three features viz. Weberian structures, Kautilyan practice and Gandhian rhetoric." Examine the statement. *20*

(c) "ज़िला कलैक्टर ब्रितानी (ब्रिटिश) राज की विरासत है और वह समसामयिक संव्यावसायिकता (प्रोफैश्नलिज़्म) की माँगों से अधिकांशतः अछूता रहा है ।" चर्चा कीजिए ।

"District Collector is a legacy of the British Raj and has largely remained insulated from the demands of contemporary professionalism." Discuss. *10*

**Q3.** (a) "लिंग अनुक्रिया बजटन ने महिला सशक्तीकरण कार्यक्रमों के प्रति योजनाकरण विभागों को अपेक्षाकृत अधिक जवाबदेही से अनुप्राणित कर दिया है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

"Gender Response Budgeting has infused greater accountability of planning departments towards women empowerment programmes." Examine the statement. *20*

(b) "राज्यपाल की राज्यपालकीय स्थिति 'राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत के वापस लेने' और 'हटाए जाने के बाध्यकारी कारणों' के बीच धुँधले क्षेत्र में आराम से स्थित है ।" हाल के कुछ उदाहरणों के साथ इस पर चर्चा कीजिए ।

"The gubernatorial position of the Governor is comfortably placed in the fuzzy area between 'Withdrawal of pleasure of the President' and 'Compelling reasons for removal'." Discuss with some recent examples. *20*

Download FREE UPSC E-BOOKS FREE! CLICK HERE

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

(c) "लोकतांत्रिक प्रशासनिक ढाँचे के बाहरी नरम कवच के भीतर, भारतीय प्रशासन का फौलादी ढाँचा है जो युगों से जीवित है, सही-सलामत है ।" इस कथन के प्रकाश में पिछले एक दशक में अधिकारी-तंत्र और विकास के बीच संबंधों का परीक्षण कीजिए ।

"Beneath the soft outer shell of democratic administrative framework lies unscathed the steel frame of Indian administration which has survived through the ages." In the light of this statement, examine the relationship between bureaucracy and development in the last one decade. *10*

**Q4.** (a) "अंतरा-सरकारी संबंधों का प्रबंधन उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि जितना अंतः सरकारी संबंधों का प्रबंधन है ।" सरकार के निष्पादन पर इसके प्रभाव का परीक्षण कीजिए ।

"Management of intra-governmental relations is as important as that of inter-governmental relations." Examine its impact upon the performance of the government. *20*

(b) इस मत से आप कहाँ तक सहमत हैं कि राष्ट्रीय विकास परिषद् (NDC) राज्य सरकारों की माँगों को तभी तक अनुनादित कर सकती है जब तक योजना आयोग उसकी आज्ञाकारिता में बनाए रखा जाता है ? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

How far do you agree with the view that the National Development Council (NDC) could resonate the demands of State governments as long as the Planning Commission is kept subservient to it ? Critically examine. *20*

(c) इस कथन का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए कि 'थाना' (पुलिस स्टेशन) भारत में क्षीण होती ब्रितानी (ब्रिटिश) प्रशासनिक विरासत का अंतिम गढ़ है ।

Critically examine the statement : 'Thana' (Police Station) as the last bastion of the waning British administrative legacy in India. *10*

Download FREE UPSC E-BOOKS
FREE!
CLICK HERE

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Attempt the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) एक निजी सेवा प्रदाता से संबंधित मामले में, उच्चतम न्यायालय के हाल के निर्णय के उपरांत भारत के नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक (सी.ए.जी.) की शक्तियों में आए परिवर्तनों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the changes in the powers of the Comptroller and Auditor-General of India (CAG) following a recent Supreme Court judgement in a case concerning a private service provider. *10*

(b) संसदीय समितियाँ सरकारी व्यय में जवाबदेही उत्पन्न करती हैं । चर्चा कीजिए ।

Parliamentary Committees bring about accountability in public expenditure. Discuss. *10*

(c) क्या आपके विचार में पंचायती राज की भूमिका विकास प्रशासन से आगे तक जानी चाहिए ? अपने उत्तर के लिए तर्क प्रस्तुत कीजिए ।

Do you think that the role of Panchayati Raj should go beyond development administration ? Give reasons for your answer. *10*

(d) "पुलिस-जनता संबंध दोनों ओर से किए गए अवास्तविक प्रयासों की एक कहानी है ।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

"Police-Public relations are a story of insincere efforts made on both sides." Elaborate. *10*

(e) "गठबंधन सरकार से एक-दलीय प्रमुखता एक ऐसा बड़ा परिवर्तन है जिसका सरकारी तंत्र पर प्रभाव पड़ना अवश्यंभावी है ।" समझाइए कि क्यों और किस प्रकार ।

"From coalition government to one-party dominance is a big change that is bound to affect the governmental system." Explain why and how. *10*

Download FREE UPSC E-BOOKS FREE! CLICK HERE

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

**Q6.** (a) भारत में विनियामक और विकास प्रशासन में, ईमानदार और सच्चे सिविल सेवकों की भूमिका का आकलन कीजिए । अपने तर्कों को पुष्ट करने के लिए उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

Assess the role of honest and upright civil servants in regulatory and development administration in India. Give examples to substantiate your arguments. *20*

(b) "केन्द्रीय सरकार के अग्रणी कार्यक्रमों का सामाजिक लेखापरीक्षण करना नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक के कार्य-निष्पादन को सुगम बना देता है ।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ इस कथन को सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

"Social auditing of flagship programmes of the Central government facilitates the performance of the Comptroller and Auditor-General." Elaborate the statement with appropriate examples. *20*

(c) एक सौ 'स्मार्ट नगरों' की धारणा को और भारत के नगरीकरण पर उसके संभावित प्रभाव को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the notion of one hundred 'smart cities' and its likely impact on India's urbanization. *10*

**Q7.** (a) भारत में सिविल सेवाओं की शिकायत निवारण क्रियाविधि के अभिलक्षणों को सविस्तार बताइए । क्या यह क्रियाविधि इसके सृजन के उद्देश्यों की पूर्ति करती है ?

Elaborate the features of the grievance redressal mechanism of the civil services in India. Does this mechanism satisfy the objectives of its creation ? *10*

(b) 13वें वित्त आयोग ने ग्रामीण और शहरी स्तर के निकायों के आर्थिक संसाधनों को बढ़ाने की अपरिहार्य आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला था । क्या यह बात स्थानीय निकायों को अपने प्रकार्यों को करने में अधिक जवाबदेह बनाती है ?

The $13^{th}$ Finance Commission highlighted an indispensable need to improve the finances of rural and urban level bodies. Does this make local bodies more accountable in the discharge of their functions ? *20*

(c) "प्रशासन में अकार्यान्वित सुधार प्रशासनिक सुधार प्रक्रम को सर्वाधिक कमज़ोर बना देते हैं ।" क्या आप सहमत हैं ? उदाहरणों के रूप में विशिष्ट मामलों का उल्लेख करते हुए अपना उत्तर दीजिए ।

"Unimplemented reforms in administration weaken the administrative reforms process most." Do you agree ? Give your answer citing specific cases as illustrations. *20*



Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

**Q8.** (a) विकास प्रशासन में सिविल सेवा तटस्थता की आवश्यकता पर चर्चा कीजिए । व्यवहार में इसको प्राप्त करने और सबल बनाने के कुछ उपायों का सुझाव दीजिए ।

Discuss the need for civil service neutrality in development administration. Suggest some measures for achieving and strengthening it in practice. *20*

(b) अधिकारी-तंत्र (ब्यूरोक्रेसी) के प्रकार्यण (फंक्शनिंग) के संबंध में 31 अक्टूबर, 2013 को उच्चतम न्यायालय का विनिर्णय सुशासन प्राप्त करने में सहायक होगा । इस विनिर्णय का विश्लेषण कीजिए और उस पर अपनी टिप्पणियाँ दीजिए ।

Supreme Court ruling on $31^{st}$ October, 2013 in respect of bureaucracy's functioning would help achieve good governance. Analyse this ruling and add your comments on it. *20*

(c) क्या आपके विचार में केन्द्रीय पैरा-मिलिटरी पुलिस बल राज्य पुलिस सेवाओं की अपेक्षा अधिक प्रभावी सिद्ध हुए हैं ? अपना उत्तर वस्तुनिष्ठ रूप से, समालोचनात्मक दृष्टि से दीजिए ।

Do you think that the Central para-military police forces have proven more effective than the State police service ? Give your answer objectively in a critical vein. *10*

